Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 05-12-2006

Participants : Sajjan Kumar Shri

an>

Title: Need to take effective steps to provide adequate potable water to Delhi.

श्री सज्जन कुमार (बाहरी दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, राट्रीय राजधानी दिल्ली में पीने के पानी का संकट बढ़ता ही जा रहा है। राजधानी सरकार पानी की आपूर्ति विभिन्न स्त्रोतों से करती है जिनमें भूजल स्त्रोतों से भी ट्रीटमेंट कर आपूर्ति की जा रही है किन्तु उत्तर प्रदेश सरकार से लिखित समझौता न होने के कारण पानी की सप्लाई अचानक बंद की जाती है। भूजल की स्वच्छता के लिये राजधानी सरकार ने निरीक्षण किया है तथा निरीक्षण से पता चला है कि दक्षिण, पश्चिम तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की फ्लोराइड की मात्रा अंतर्राट्रीय मापदंड के 1 प्रति लीटर से 20 गुना अधिक है जो कि स्वास्थ्य के उपयुक्त नहीं है और कई बीमारियों का मुख्य कारण है। अत: भूजल के पानी को पेय योग्य नहीं माना जायेगा जिस वजह से पानी की आपूर्ति पर अवश्य प्र ाभाव पड़ेगा। पानी की आपूर्ति राज्य का विाय है तथा राजधानी सरकार आपूर्ति के लिये प्रयत्नशील है किन्तु भूजल में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से राजधानी सरकार चिन्तित है। भविय में राट्रमंडल खेलों का आयोजन, अन्य खेलों का आयोजन तथा दिल्ली शहर को अंतर्राट्रीय स्तर पर लाने को मद्देनज़र रखते हुए पानी का मामला समस्या से निपटने के लिये प्रभावकारी कदम उठाये जायें ताकि विदेशों में दिल्ली के पानी के विाय में कोई गलत संदेश न जाये।

अत: मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि इस पर गंभीरता से विचार कर राजधानी सरकार की समस्या से निपटने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाये।